प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का धुआंधार चुनाव प्रचार जारी।

2. भाजपा ने हेमन्त सोरेन सरकार पर लोगों से झूठा वायदा करने का लगाया आरोप ।

3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दुमका में जनसभा को कर रहे हैं संबोधित मधुपुर और धनवार में होगी संबोधित।

4. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जामताड़ा और रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में आज करेंगे चुनाव प्रचार।
5. रांची, बोकारो, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री नीचे गिरकर 14 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, रात में बढ़ी ठंड।

*************************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए और इंडिया गठबंधन के बड़े नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

*************************

भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अब से थोड़ी देर पहले जामताड़ा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए हेमन्त सोरेन सरकार पर झूठा वायदा करने का आरोप लगाया।

*************************

दूसरी ओरझामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में चुनावी सभा के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। श्रीसोरेन ने कहा उनकी सरकार को अस्थिर करने की साजिश की गई।

*************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दुमका में चुनावी सभा को संबोधत कर रहे हैं। इसके बाद श्री शाह देवघर और धनवार में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

*************************

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज जामताड़ा और खिजरी में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव गोड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे। अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती दुमका और जामताड़ा में रैली करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के कई नेता शिवराज सिंह चौहान, हिमन्ता बिस्व सरमा और चंपाई सोरेन एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन पार्टी और वाम दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न भागों में रैलियां और रोड शो करेंगे। विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवम्बर को 38 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। 23 नवम्बर को मतगणना होगी।

*************************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार पर घुसपैठियों का पहचान पत्र बनवाने का आरोप लगाया है। श्रीशाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के राज्य प्रभारी देशद्रोह की भाषा बोल रहे हैं।

*************************

लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के निवर्तमान विधायक दिनेश मरांडी भाजपा में शामिल हो गये हैं। श्री मरांडी ने बीजेपी में शामिल होने के बाद कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण दे रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने दिनेश मरांडी को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

*************************

देवघर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

************************

राज्यभर में  स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रामगढ़ के मिठाई दुकानदार मिठाई के डब्बे पर मतदान तिथि अंकित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

************************

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे।

************************

राजधानी रांची, बोकारो, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान  तीन डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है जिससे शाम होने के बाद ठंड बढ़ रही है। चार दिन पहले रांची का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास था जो घटकर  14 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। रांची सिथत मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य में अगले दो से  तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

************************

ओड़िशा के संबलपुर में चल रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल लीग मैच में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को 5–3 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया है।

************************

टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ टीवी नरेंद्रन ने कहा है कि देशभर के जितने भी आदिवासी समुदाय हैं उनकी समस्याएं लगभग एक समान हैं। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील आदिवासियों को अपनी कला–संस्कृति से जोड़ने के साथ–साथ रोजगार में भी प्राथमिकता दे रही है। श्रीनरेंद्रन जमशेदपुर के बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित संवाद कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

************************